दैनिक न्याय साक्षी
खबरें खास
रायगढ़, शुक्रवार 27 अक्टूबर 2023
www.nyaysakshi.com


## महत्वपूर्ण एवं खास

### बिलाईगढ़ के लिए 4 अभ्यर्थी और सारंगढ़ के लिए ने 3 अभ्यर्थी ने खरीदा नामांकन पत्र

**बिलाईगढ़ विधानसभा के लिए एक अभ्यर्थी ने जमा किया नाम निर्देशन पत्र**

**सारंगढ़ बिलाईगढ़ ।** जिले में कलेक्टोरेट सारंगढ़ के कलेक्टर न्यायालय कक्ष में सारंगढ़ विधानसभा के लिए 26 अक्टूबर को भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के मधुलाल सारथी, जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के छबिलाल रात्रे और आम आदमी पार्टी के देव प्रसाद कोशले के नाम से 03 नाम निर्देशन पत्र खरीदा गया है। इसी प्रकार बिलाईगढ़ विधानसभा सीट के लिए जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी से रामेश्वर सोनवानी, प्रबुद्ध रिपब्लिकन पार्टी से रामलाल टंडन, हमर राज पार्टी से मनोहर लाल और निर्दलीय से संतोष कुमार घृतलहरे ने नाम निर्देशन पत्र खरीदा। बिलाईगढ़ विधानसभा के लिए भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के दिनेश लाल जांगड़े ने नामांकन दाखिल किया है।

### ज्वेलर्स शॉप से 6 लाख के जेवर पार

**रायपुर (आरएनएस)।** मोवा स्थित रूपचंद ज्वेलर्स शॉप का ताला तोडक़र अज्ञात चोर ने 6 लाख का जेवर पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर मोवा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सिद्धार्थ बेगानी 35 वर्ष टैगोरनगर का रहने वाला है। प्रार्थी का मोवा में रूपचंद ज्वेलर्स नाम से दुकान है। बताया जाता है कि 24-25 अक्टूबर की दरम्यानी रात अज्ञात चोर ने प्रार्थी के दुकान का ताला तोडक़र सोने के जेवर पार कर दिया। चोरी गए जेवर की कीमत करीब 6 लाख रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर मोवा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

### बुजुर्ग महिला के खाते से 88500 रुपए पार

**रायपुर (आरएनएस)।** अज्ञात व्यक्ति ने बुजुर्ग महिला के खाते से दो बाार 88500 रुपए आहरण कर लिया। प्रार्थिया की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया डॉ. पुष्पा अग्रवाल 69 वर्ष तिरूपति अपार्टमेंट टैगोरनगर की रहने वाली है। बताया जाता है कि अज्ञात व्यक्ति ने प्रार्थिया के एसबीआई बैंक खाता से 2 बार में 88500 रुपए आहरण कर लिया। प्रार्थिया की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### पुरानी रंजिश के चलते युवक पर चाकू से हमला

**रायपुर (आरएनएस)।** तेलघानी नाका चौक रेलवे पटरी के पास पुरानी रंजिश के चलते तीन लोगों ने एक युवक पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर गंज पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी जगदीश पोटनुरू 25 वर्ष रामनगर गुढिय़ारी का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी सागर मानिकपुरी, जीत्तू सोना व सोना ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया और धारदार हथियार से मारकर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर गंज थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन-2023

# द्वितीय चरण के लिए चौथे दिन 203 नामांकन पत्र हुए दाखिल

- 70 विधानसभा क्षेत्रों के लिए अब तक 246 अभ्यर्थियों ने भरे 367 नामांकन पत्र
- दूसरे चरण के लिए 30 अक्टूबर तक अभ्यर्थी कर सकेंगे नामांकन दाखिल

**रायपुर।** विधानसभा आम निर्वाचन-2023 अंतर्गत द्वितीय चरण के 70 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए आज चौथे दिन कुल 203 नामांकन पत्र दाखिल किए गए हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज सबसे अधिक कोरबा विधानसभा क्षेत्र में 9 नामांकन पत्र दाखिल किए गए। इस प्रकार विधानसभा निर्वाचन-2023 के द्वितीय चरण के विधानसभा क्षेत्रों के लिए अब तक 246 अभ्यर्थियों ने 367 नामांकन पत्र दाखिल किए हैं।

आज चौथे दिन महासमुंद विधानसभा क्षेत्र में 8 नामांकन पत्र, गुण्डरदेही में 7, कोटा, लोरमी, मुंगेली, बिल्हा, बिलासपुर, राजिम में 6-6, मस्तुरी, आरंग, दुर्ग शहर में 5-5, भटगांव, कटघोरा, जैजेपुर, बसना, धरसींवा, रायपुर नगर उत्तर, पाटन, भिलाईनगर, अहिवारा, बेमेतरा, नवागढ़ से 4-4, खरसिया, बेलतरा, अकलतरा, पामगढ़, खल्लारी, कसडोल, बलौदाबाजार, रायपुर ग्रामीण, अभनपुर, कुरूद, धमतरी, दुर्ग ग्रामीण में 3-3, बैकुण्ठपुर, प्रेमनगर, प्रतापपुर, रामानुजगंज, सामरी, लुण्ड्रा, अम्बिकापुर, सीतापुर, जशपुर, लैलूंगा, मरवाही, जांजगीर-चांपा, सरायपाली, भाटापारा, रायपुर नगर दक्षिण, सिहावा, संजारी बालोद, वैशालीनगर में 2-2, मनेन्द्रगढ़, कुनकुरी, पत्थलगांव, सारंगढ़, धरमजयगढ़, रामपुर, पाली तानाखार, तखतपुर, सक्ती, बिलाईगढ़, रायपुर नगर पश्चिम, साजा विधानसभा क्षेत्रों में 1-1 नामांकन पत्र दाखिल किए गए।

उल्लेखनीय है कि विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत द्वितीय चरण में रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग तथा सरगुजा संभाग के कुल 70 विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। प्रदेश में द्वितीय चरण में हो रहे निर्वाचन के लिए प्रत्याशी 30 अक्टूबर 2023 तक नामांकन दाखिल कर सकते हैं। द्वितीय चरण के लिए नामांकन पत्रों की संवीक्षा 31 अक्टूबर को होगी। अभ्यर्थियों द्वारा नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 2 नवम्बर हैं।

विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत द्वितीय चरण में भरतपुर-सोनहट, मनेन्द्रगढ़, बैकुंठपुर, प्रेमनगर, भटगांव, प्रतापपुर, रामानुजगंज, सामरी, लुण्ड्रा, अम्बिकापुर, सीतापुर, जशपुर, कुनकुरी, पत्थलगांव, लैलूंगा, रायगढ़, सारंगढ़, खरसिया, धर्मजयगढ़, रामपुर, कोरबा, कटघोरा, पाली-तानाखार, मरवाही, कोटा, लोरमी, मुंगेली, तखतपुर, बिल्हा, बिलासपुर, बेलतरा, मस्तूरी, अकलतरा, जांजगीर-चांपा, सक्ती, चंद्रपुर, जैजैपुर, पामगढ़, सराईपाली, बसना, खल्लारी, महासमुंद, बिलाईगढ़, कसडोल, बलौदाबाजार, भाटापारा, धरसींवा, रायपुर ग्रामीण, रायपुर नगर पश्चिम, रायपुर नगर उत्तर, रायपुर नगर दक्षिण, आरंग, अभनपुर, राजिम, बिन्द्रानवागढ़, सिहावा, कुरूद, धमतरी, संजारी बालोद, डोंडीलोहारा, गुण्डरदेही, पाटन, दुर्ग ग्रामीण, दुर्ग शहर, भिलाई नगर, वैशाली नगर, अहिवारा, साजा, बेमेतरा और नवागढ़ विधानसभा क्षेत्रों में 17 नवंबर 2023 को मतदान होगा। प्रथम तथा द्वितीय दोनों ही चरणों की मतगणना 3 दिसंबर 2023 को होगी।

### रायगढ़ जिलें में 4 अभ्यर्थियों ने जमा किया नामांकन

- छह प्रत्याशियों ने खरीदे नाम निर्देशन पत्र



**रायगढ़।** विधानसभा आम निर्वाचन-2023 अंतर्गत 26 अक्टूबर को जिले की चार विधान सभाओं के लिए कुल 4 नामांकन पत्र जमा किए गए है। वहीं 6 प्रत्याशियों द्वारा नाम निर्देशन पत्र भी लिए गए।

जिन 4 अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन पत्र जमा किए गए है। इनमें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-15 लैलूंगा से सुनीति राठिया (भारतीय जनता पार्टी), विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-18 खरसिया से महेश राम साहू (भारतीय जनता पार्टी) एवं उमेश पटेल (इंडियन नेशनल कांग्रेस) तथा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-19 धरमजयगढ़ से लालजीत सिंह राठिया (इंडियन नेशनल कांग्रेस)द्वारा नामांकन पत्र जमा किए गए। रायगढ़ विधानसभा से किसी के द्वारा नामांकन जमा नहीं किया गया।

जिन 6 प्रत्याशियों ने नामांकन फार्म खरीदे इनमें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-15 लैलूंगा से एक अभ्यर्थी मनीषा प्रधान (छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस जे)ने नामांकन फार्म लिया। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-16 रायगढ़ से एक अभ्यर्थी सुनील मिंज (जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी) ने नामांकन फार्म खरीदा। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-18 खरसिया से 2 अभ्यर्थी गोवर्धन राठिया (निर्दलीय) एवं कीर्ति कुमार राठिया (गोंडवाना गणतंत्र पार्टी) ने नाम निर्देशन पत्र लिया। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-19 धरमजयगढ़ से 2 अभ्यर्थियों अनुप कुमार बरवा (बहुजन मुक्ति पार्टी)एवं जोगेन्द्र एक्का (छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस जे) ने नामांकन फार्म लिया। इस प्रकार 21 अक्टूबर से अब तक कुल 41 नाम निर्देशन पत्र लिए गए हैं और 5 नामांकन पत्र जमा किया गया है।

## अमलीभौना पेट्रोल पंप के पास मुख्य मार्ग पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत



- शव का नहीं हो पाया है शिनाख्त

**रायगढ़।** झारसुगुड़ा-बिलासपुर मुख्य मार्ग पर थाना जूटमिल अंतगर्त अमलभौना पेट्रोल पंप के पास दिनांक 25/10/2023 की रात्रि एक अज्ञात वाहन के चालक के द्वारा लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते सड़क पर एक व्यक्ति को ठोंकर मारकर भाग गया था। सूचना पर तत्काल जूटमिल पुलिस मौके पर पहुंची, जहां अज्ञात मृतक उम्र करीब 40 वर्ष का शव सड़क पर पड़ा हुआ था जिसका सिर कुचला गया था, अज्ञात मृतक नीले रंग का लोवर और काले रंग का जैकेट, पैर में प्लास्टिक सैंडल का पहना हुआ था। जूटमिल पुलिस अज्ञात मृतक के संबंध में आसपास गांव में मुनादी कराया गया तथा दुकानों, फैक्टरी में पता किया गया, मृतक के वारिसानों का पता नहीं चल पाया है। जूटमिल पुलिस सोशल मीडिया, व्हाटसअपग्रुप में भी मृतक के फोटो शेयर किया गया है, जिससे वारिसानों को जानकारी हो। मृतक के शव को मरच्युरी में रखवाया गया है।

## हर व्यक्ति का वोट महत्वपूर्ण, भरवाएं फार्म -कलेक्टर गोयल

- कलेक्टर गोयल ने पोस्टल बैलेट, ईडीसी की तैयारियों के संबंध में ली बैठक



**रायगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में पोस्टल बैलेट/ईडीसी की तैयारियों के संबंध बैठक ली। कलेक्टर गोयल ने कहा कि लोकत्रंत में हर व्यक्ति का वोट महत्वपूर्ण होता हैं। निर्वाचन ड्यूटी में संलग्न कर्मचारियों को फार्म 12 एवं फॉर्म 12 (क) भरवाना सुनिश्चित करें, ताकि सभी अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।

कलेक्टर गोयल ने कहा कि सभी नोडल्स पुलिस फोर्स, वन विभाग, फ्लाइंग स्क्वायड टीम के साथ निर्वाचन में संलग्न वाहन चालकों एवं क्लीनर की भी संख्या सूची तैयार कर जानकारी भेजना सुनिश्चित करें जिससे उनको पोस्टल बैलेट की सुविधा दी जा सके। इसके साथ ही मास्टर ट्रेनर द्वारा पोस्टल बैलेट के सभी प्रक्रिया पर फोकस कर ट्रेंनिग प्रदान करें। उन्होंने ट्रेंनिग में उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों से फॉर्म 12 एवं 12 (क) भरवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हमारी जिम्मेदारी है कि कोई भी अपने मताधिकार से वंचित न रहें।

अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव पाण्डेय ने पोस्टल बैलेट, ईडीसी की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पोस्टल बैलेट से संबंधित सभी दिशा निर्देशों को पढऩे के साथ ही इसका पालन करना सुनिश्चित करें। इस दौरान उन्होंने पात्रता के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पोस्टल बैलेट हेतु चार प्रशिक्षण केंद्र बनाए गए हैं। उन्होंने होम वोटिंग एवं सुविधा केंद्र के संबंध में भी बारीकी से जानकारी दी।

बैठक में संयुक्त कलेक्टर डी.आर. रात्रे, जिला परिवहन अधिकारी दुष्यंत रायस्त, नोडल अधिकारी पोस्टल बैलेट रमेश मोर, एसडीएम रायगढ़ गगन शर्मा, एसडीएम खरसिया रोहित सिंह, एसडीएम धरमजयगढ़ डिगेश पटेल, जिला मास्टर ट्रेनर राजेश डेनियल, पोस्टल बैलेट से संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## चक्रधरनगर पुलिस और सायबर सेल की संयुक्त कार्यवाई में 45 पाव देशी व अंग्रेजी शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार, मोटर सायकल पर कर रहा था शराब की तस्करी



**रायगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के दिशा निर्देशन पर जिले में अवैध शराब पर ताबड़तोड़ कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में दिनांक 26.10.2023 को चक्रधरनगर पुलिस और सायबर सेल की टीम ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए मोटर सायकल पर शराब की तस्करी करने वाले आरोपी को कौहाकुंडा मेन रोड़ पर धर दबोचा।

जानकारी के मुताबिक सुबह मुखबीर से पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम बासनपाली पुसौर का लोकनाथ यादव अपने मोटर सायकल एचएफ डिलक्स में अवैध बिक्री के लिए शराब परिवहन करते हुए मेन रोड़ कौहाकुंडा की ओर आ रहा है। सूचना पर तत्काल उस क्षेत्र पर पेट्रालिंग कर रहे थाना चक्रधरनगर एवं सायबर सेल के स्टाफ को अधिकारियों द्वारा कार्यवाही के लिये निर्देशित किया गया। पुलिस टीम द्वारा कौहाकुंडा मेन रोड़ पर संदेही लोकनाथ यादव को मोटर सायकल HF डिलक्स क्रमांक CG13 AF 0613 पर पकड़ा गया। संदेही के पास रखे थैला को चेक करने पर उसमें देशी प्लेन शराब 32 पाव और आईकोनिक प्रिमियम व्हिस्की 13 पाव रखा हुआ मिला जिसके परिवहन के संबंध में लोकनाथ यादव कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दे पाया। पुलिस टीम ने आरोपी लोकनाथ यादव पिता जगमोहन यादव उम्र 23 साल निवासी ग्रम बासनपाली थाना पुसौर के कब्जे से कुल 45 पास शराब 4120/- रूपये को मय अवैध शराब परिवहन के लिये प्रयुक्त मोटर सायकल HF डिलक्स क्रमांक CG13 AF 0613 के जप्त किया गया । आरोपी के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम मे निहित समस्त प्रावधानों के तहत आबकारी एक्ट की धारा 34(2), 59(क) के तहत विधिवत कार्यवाही किया गया। थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव के नेतृत्व में शराब रेड कार्रवाई में महिला प्रधान आरक्षक राजश्री वैष्णव, साइबर सेल के प्रधान आरक्षक राजेश पटेल, आरक्षक महेश पंडा, प्रताप बेहरा, सुरेश सिदार और आरक्षक राजेश सिदार (थाना चक्रधरनगर) शामिल थे।

### कोतवाली पुलिस की अवैध शराब पर कार्यवाही जारी, ढिमरापुर मार्ग पर 22 पाव शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** अवैध शराब के विरूद्ध कोतवाली पुलिस की कार्रवाई भी जारी है, कोतवाली स्टाफ द्वारा दिनांक 26.10.2023 को मुखबीर सूचना पर रायगढ़-पूंजीपथरा मार्ग पर ढिमरापुर ब्रेड फैक्टरी के पास अनिल कुमार मिंज उर्फ लारा निवासी ईशानगर जगतपुर को प्लास्टिक थैला में 22 पाव देशी प्लेन मदिरा ले जाते समय पकड़ा गया है। पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई थी कि अनिल कुमार मिंज उर्फ लारा के द्वारा अवैध शराब की बिक्री की जाती है। कोतवाली थाना प्रभारी शनिप रात्रे के निर्देशन पर कोतवाली स्टाफ अनिल कुमार मिंज पर निगाह रखे हुये थी। संदेही अनिल कुमार मिंज के द्वारा काफी मात्रा में शराब लेकर जाने की सूचना पर कोतवाली स्टाफ द्वारा आरोपी अनिल कुमार मिंज उर्फ लारा पिता हंसराम मिंज उम्र 43 वर्ष निवासी ईशानगर जगतपुर थाना सिटी कोतवाली जिला रायगढ़ को मय शराब पकड़ा गया है जिस पर थाना कोतवाली में आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। शराब रेड कार्यवाही में प्रधान आरक्षक हेमंत पात्रे, आरक्षक जगमोहन ओग्रे शामिल थे।

## कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने किया निर्वाचन की व्यवस्था का भौतिक सत्यापन



**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने निर्वाचन भंडार गृह, निर्वाचन कार्यालय, वाहन कक्ष, प्रेक्षक कक्ष, मतदान दलों की रवानगी-वापसी कक्ष आदि का निरीक्षण कर भौतिक सत्यापन किया। कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने लोक निर्माण विभाग और सारंगढ़ के मंडी प्रबंधन द्वारा किए जा रहे निर्वाचन मूलभूत सुविधाओं और वाहन व्यवस्था के नोडल अधिकारी से उपलब्ध और आवंटित वाहनों की जानकारी ली। इसी प्रकार भंडार कक्ष में आवश्यक प्रपत्रों, मोकपोल सहित अन्य सील, स्टांप, निर्वाचन नियमावली के पुस्तक आदि की उपलब्धता की जानकारी ली। इस अवसर पर डॉ. सिद्दीकी ने मतदान दलों को संबंधित मशीनों का वितरण के बाद रवानगी और वापसी का रजिस्टर में रिपोर्टिंग आदि के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, उप निर्वाचन अधिकारी प्रकाश भारद्वाज, एसडीएम एवं रिटर्निंग अधिकारी मोनिका वर्मा व डॉ स्निग्धा तिवारी, डिप्टी कलेक्टर टी आर महेश्वरी, नोडल अधिकारी पंचायत हरिशंकर चौहान, तहसीलदार आयुष तिवारी, मंडी के अधिकारी, पीडब्ल्यूडी के एसडीओ आदि उपस्थित थे।

## राजभवन के अधिकारियों और कर्मचारियों को दिया गया अग्नि दुर्घटना से बचाव का प्रशिक्षण




**रायपुर।** कार्यालय एवं घरों में आकस्मिक अग्नि दुर्घटना होने पर रोकथाम एवं बचाव के लिए आज राजभवन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अग्निशमन विभाग की टीम द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण में बताया गया कि आग कितने प्रकार की होती है। किस प्रकार की आग से बचाव के लिए कौनसा अग्निशमन यंत्रो का प्रयोग किया जाता है। बिजली से लगने वाली आग से कैसे बचें, कार्यालय में आग लगने की दशा में कैसे बचाव करें और इसकी रोकथाम के उपाय बताए गये। वाहनों में किस प्रकार अग्निशमन यंत्र रखा जाए यह बताया गया। घर में एल.पी.जी. गैस सिलेंडर, कढाई में तेल से आग लगने की दशा में बाल्टी, कम्बल से आग बुझाने के तरीके प्रदर्शन के माध्यम से बताएं गये। खुद पर एवं अन्य व्यक्ति पर लगे आग को कैसे बुझाएं इसका भी प्रशिक्षण दिया गया। राजभवन परिसर में आयोजित इस प्रशिक्षण में जिला सेनानी दुर्ग नागेंद्र सिंह, फायर स्टेशन टिकरापारा रायपुर के सहायक उपनिरिक्षक दीपक कौशिक, अनिल साहू, रोशन सिंह, फायर मैन जितेंद्र भट्ट, विजय चौरागढ़े और हरीश पाल द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

## घर बैठे जान सकेंगे कि मतदाता सूची में आपका नाम है या नहीं

- इलोक्टोरोलसर्च डॉट ईसीआई डॉट जीओवी डॉट इन में सर्च करें



**रायपुर (आरएनएस)।** भारत निर्वाचन आयोग ने सूचना प्रौघोगिकी का बेहतरीन उपयोग करते हुए मतदाताओं को घर बैठे उनका मतदाता सूची में नाम होने की जानकारी उपलब्ध कराई है। कोई भी मतदाता अपने मोबाईल और कम्प्यूटर में इंटरनेट का उपयोग करते हुए निर्वाचन आयोग की वेबसाईट इलोक्टोरोलसर्च डॉट ईसीआई डॉट जीओवी डॉट इन में जाकर बड़ी आसानी से अपने तथा अपने परिवार के मतदाता सूची देख सकता है। सूची देखने के साथ ही उसका प्रिन्ट भी लिया जा सकता है। अब इस कारण यदि किसी मतदाता के घर उसकी मतदाता पर्ची नहीं पहुंची हो तो वह इस वेबसाईट का भी उपयोग कर सकता है।

वेबसाईट में मतदाता का नाम ढूंढऩें के लिए व्यक्तिगत जानकारी और अपने निवास स्थल की जानकारी होनी चाहिए। इसके अंतर्गत मतदाता सूची में दो तरीकों से नाम देखा जा सकता है। पहला मतदाता पहचान पत्र (ईपीक कार्ड) व्दारा और दूसरा मोबाईल नंबर के माध्यम से। वेबसाईट में नाम ढूंढऩे के लिए व्यक्ति को अपने राज्य का नाम, भाषा का चयन, मतदाता का प्रथम व मध्य नाम उपनेम (सरनेम) रिश्तेदार का प्रथम नाम, उपनाम,जन्म तिथि, आयु, लिंग, जिला, विधानसभा क्षेत्र की जानकारी होनी चाहिए।

**मतदाता पहचान पत्र (ईपीक कार्ड) व्दारा देखें**

पहले विकल्प के रुप में मतदाता पहचान पत्र व्दारा जानकारी प्राप्त करने के लिए भाषा का चयन, ईपीक कार्ड का नंबर और राज्य का नाम लिखना होगा। इसके बाद कैपचा कोर्ड अंकित कर सर्च का बटन दबाना होगा। इसके तुरंत कुछ ही सेकेन्ड में मतदाता के नाम का विवरण आ जाएगा। इसमें मतदाता का नाम, रिश्तेदार का नाम, राज्य जिला, विधानसभा का नाम, मतदान केन्द्र का नाम, मतदाता का सूची का क्रमांक दिखाई देगा। अंत में इसी विवरण को पूरा देखन व प्रिन्ट लेने के लिए व्यूह डिटेल्स को क्लिक करने पर वोटर पोर्टल सर्विस में मतदाता का पूरा विवरण दिखाई पड़ेगा।

**मोबाईल फोन व्दारा नाम देखें**

दूसरे विकल्प के रुप में मोबाईल फोन नंबर व्दारा मतदाता सूची में नाम देखने के लिए मोबाईल में खोजें विकल्प में जाना होगा। इसमें भी राज्य का नाम और भाषा का चयन करना होगा। इसके बाद मतदाता का मोबाईल नंबर डाल कर सेन्ड ओटीपी करना होगा। इसके बाद मोबाईल फोन में प्राप्त ओटीपी को अंकित करना होगा। ओटीपी अंकित करते ही मतदाता का विवरण सामने आ जाता है।

**चुनाव अधिकारियों का नाम और फोन नंबर भी उपलब्ध**

यही भारत निर्वाचन आयोग की इस वेबसाईट में चुनाव अधिकारियों का नाम,पद तथा फोन नंबर भी दिया गया ताकि मतदाता यदि चाहे तो चुनाव अधिकारियों की मदद ले सकता है। मतदाता सूची के विवरण में जिन अधिकारियों का नाम दिया गया उनमें मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़, संबंधित विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर और बूथ लेवल अधिकारी का नाम और फोन नंबर भी उपलब्ध है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480